आज गुरुवार है

आज गुरुवार है साईं तेरा वार है।
सचे दिल से जो कोई आवे उसका बेड़ा पार है॥

आज के दिन जो भी कोई दर्शन तेरे पाता है।
दुःख उसके सब मिट जाते हैं भव सागर तर जाता है॥

आज गुरुवार है साईं तेरा वार है…
श्रद्धा की भरमार है सबुरी भी अपार है।

हिंदीपथ.कॉम – HindiPath.com

सच्चे दिल से जो कोई आवे उसका बेड़ा पार है॥
आज गुरुवार है साईं तेरा वार है…

आज सुबह से ही बाबा की सजती प्यारी झाँकी है,
दर्शनों की खातिर देखो आये नर और नारी है।

घंटी की आवाज है भगतों की कतार है,
सच्चे दिल से जो कोई आवे उसका बेडा पार है॥

बाबा की है बात निराली जो मांगे वो पाता है,
जिसने देखे जलवे तेरे उम्र सारी गुण गाता है।

तू ही जानी जान है महिमा अपरम पार है,
सच्चे मन से जो कोई आवे उसका बेड़ा पार है॥

हार फिकरी साईं को किस्मत वाले पाते हैं,
वही है आता दर पे जिसको साईं जी बुलाते हैं।

साईं मेरे साथ है किस बात की दरकार है,
सच्चे दिल से जो कोई आवे उसका बेड़ा पार है॥

हिंदीपथ.कॉम – HindiPath.com

आया हूँ मैं दर पे तेरे बात समझ में आई है,
यूँ ही नहीं ये सारी दुनिया भीड़ बन के आई है।

जयकारों की पुकार है सच्चा ये दरबार है,
सच्चे दिल से जो कोई आवे उसका बेड़ा पार है॥

आज गुरुवार है साईं तेरा वार है।
सचे दिल से जो कोई आवे उसका बेड़ा पार है॥

हिन्दीपथ.कॉम

अन्य भजन

- आज रविवार है
- आज सोमवार है
- आज मंगलवार है
- आज बुधवार है
- आज गुरुवार है
- आज शुक्रवार है
- आज शनिवार है

हिन्दीपथ.कॉम